आर्मी पब्लिक स्कूल रानीखेत

शीतकालीन अवकाश गृहकार्य-1

कक्षा -4 हिंदी

पूर्णांक- 100

खण्ड-क (15 अंक)

अपठित गद्यांश

एक बार किसी गाँव के पास एक लोमड़ी बकरियों का शिकार करने गई | वह लोमड़ी एक कुँए में जा गिरी | कुँए के ठन्डे पानी में वह ठिठुरने लगी| फिर कुँए के पास चरती बकरियों का ध्यान अपनी ओर खींचने के लिए लोमड़ी जोर जोर से कहने लगी, "कुँए का पानी शरबत जैसा मीठा और शीतल है| वाह ! मजा आ गया|" लोमड़ी बार बार यह बात दोहराने लगी| तभी कुछ बकरियाँ लोमड़ी की बात सुनकर कुँए में झाँकने लगीं| लोमड़ी उनसे बोली, "कुँए का सारा पानी मेरा है, मैं इसे किसी को भी पीने नहीं दूँगी |" लेकिन बकरियाँ वहाँ से नहीं हटीं | अंत में लोमड़ी बोली, " अच्छा बहनों! चाहो तो थोडा-थोडा मीठा जल तुम भी पी लो, पर ध्यान रहे इसे समाप्त मत कर देना|" उसकी यह बात सुनते ही कुछ मूर्ख बकरियाँ कुँए में कूद गई | धूर्त लोमड़ी ने फ़ौरन उनकी पीठ पर चढ़कर कुँए से बाहर छलांग लगा दी और अपनी जान बचाकर भाग गई | लोमड़ी की चिकनी चुपड़ी बातों पर भरोसा करके बकरियों ने अपनी जान गवा दी|

1)<u>उपरोक्त गद्यांश को पढ़कर अग्रलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए.</u> **(3)**

क) लोमड़ी गाँव के पास क्यों गयी ?

ख) कुँए के पास चरती बकरियों का ध्यान अपनी ओर खींचने के लिए लोमड़ी जोर जोर से क्या कहने लगी ?

ग) धूर्त लोमड़ी कैसे कुँए से बाहर निकलकर भाग गई ?

2)<u> निम्न शब्दों के विलोम शब्द गद्यांश से ढूँढकर लिखिए.</u> **(3)**

क) गरम **ख)** दूर **ग)** बुद्धिमान

3) <u>खाली स्थान भरिए.</u> **(4)**

क) मुर्ख बकरियाँ __________ में कूद गयीं |

ख) कुँए के ठंडे पानी में वह __________ लगी |

ग) तभी कुछ बकरियाँ कुँए में _________ लगीं |

घ) धूर्त लोमड़ी ________ बचाकर भागी |

खेल हमारी सेहत और मनोरंजन दोनो का ख्याल रखता है ।खेलने का आनंद इसलिए अनोखा है क्योकि कोई भी खेल ,मनोरंजन के साथ -साथ मन को तरोंताजा एवं शरीर में फुर्ती और उल्लास भर देता है ।खेल खेलने से हमारी सेहत भी अच्छी रहती है । कुछ बच्चे पूरे दिन टी.वी के सामने बैठकर अपना समय और सेहत ख़राब करते हैं । ज्यादा टी.वी देखने के कारण हमारी आंख्नो की रोशनी कमजोर हो जाती है और छोटे -छोटे बच्चों को चश्मे लग जाते हैं । शरीर को स्वस्थ रखने के लिए शुद्ध खाना -पीना ही नहीं बल्कि खेलना भी बहुत ज़रूरी है। जो लोग खेल कूद से दूर रहते हैं उनके स्वभाव मे चिडचिडापन आ जाता है ।लेकिन जो लोग खेलते कूदते हैं उनके चेहरे पर हमेशा नूर और प्रसन्नता नज़र आती है ।

बड़े बड़े डॉक्टर भी यही बात कहते हैं जो व्यक्ति रोज खेलते व सैर करते हैं उन्हें कोई भी बीमारी नहीं हो सकती । तो हमे भी खेल को अपना जीवन साथी बनाना चाहिए ।

<u>खाली स्थान भरिए.</u> **(5)**

क) ज्यादा टी.वी देखने के कारण हमारी __________ कमजोर हो जाती है ।

ख) जो व्यक्ति रोज खेलते व सैर करते हैं उन्हें कोई ________नहीं हो सकती ।

ग) खेल हमारी _______ और _______ दोनो का ख्याल रखता है |

घ) हमे भी _________को अपना जीवन साथी बनाना चाहिए |

ड़) खेलों का ________ अनोखा है।

खण्ड -ख (15 अंक)

प्र.1 छुट्टियों में दिल्ली आने का निमंत्रण देते हुए अपने मित्र या सखी को पत्र लिखो (5)

प्र.2 निम्न में से किसी एक विषय पर अनुछेद लिखिए (5)

मेरा उत्तराखण्ड या अनुशासन

प्र. 3 नव वर्ष पर एक स्वरचित कविता लिखिए। ध्यान रहे कि कविता कहीं से नकल न की गयी हो। (5)

खण्ड-ग (35 अंक)

प्र.1 निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिख कर इन्हें अपने वाक्यों में प्रयोग करें (4)

क) घने **ख)** ईर्ष्या **ग)** कट्टर **घ)** रसायन

प्र.2 खाली स्थान भरिए- (5)

क) जलते प्लास्टिक से निकलने वाली गैसे स्वास्थ्य की _________ पैदा करती हैं ।

ख) पचमढ़ी में _________नदी बहती है |

ग) हिमालय का ________ दर्शनीय है |

घ) कांजीहौस की दीवार _________ ने तोड़ी |

ङ) हमें एक दूसरे को ________ में पौधे देने चाहिये |

च) नदियों का पानी ___________हो रहा था ।

प्र.3 सही वाक्य पर सही का तथा गलत वाक्य पर गलत का निशान लगाइए (3)

क) बादशाह अकबर ने खुसरो और बीरबल को दो गज़ ज़मीन का टुकड़ा दिया।

ख) अंग्रेज़ गणेश शंकर विध्यार्थी के खिलाफ थे।

ग) गया झूरी का भाई था।

घ) अलफांसो एक पंडित था।

ङ) जीटो टीना से मदद चाहता था।

च) महक दिल्ली में रहती थी।

प्र.4 वाक्यांशों के लिए एक शब्द चुनकर लिखो (2)

(कांजीहौस , नकेल , साला , सहनशील)

क) जो पत्नी का भाई हो - _________

ख) जो सहन करने में समर्थ हो - ___________

ग) पशुओ की नाक में बाँधी जाने वाली रस्सी - _______

घ) जहाँ लावारिस पशुओ को रखते हैं - _________

प्र.5 प्रश्न के सही उत्तर में सही का निशान लगाइए| (2)

क) हीरा - मोती कौन - से खेत में घुस गए ?

चने के ______ गन्ने के _____ मटर के ______

ख) बीफॉल को क्या कहते हैं ?

सोन प्रपात _____ हीरक प्रपात ______ रजत प्रपात __________

ग) हीरा - मोती को गया के घर से किसने भगाया ?

गया की पत्नी ने ______ छोटी लड़की ने _______ झूरी ने __________

घ) क्रिस्टियानो अलफांसो के पास क्यूँ आया था ?

हाल-चाल पूछने _____ मज़ाक उड़ाने _____ मौसम के बारे में सावधान करने _____

प्र.6 निम्न लिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए- **(12)**

क) अलफांसो को गाँव में क्यों रुकना पड़ा ?

ख) हीरा मोती के स्वभाव में क्या अंतर था?

ग) पचमढ़ी के मुख्य स्थान कौन कौन से हैं?

घ) कांजीहौस में जानवरों के साथ कैसा व्यवहार किया जाता था ?

ङ) प्लास्टिक पर्यावरण को कैसे नुकसान पहुँचाता है ?

च) बच्चों का क्या - क्या बनने का मन करता है ?

प्र.7 निम्नलिखित शब्दों से वाक्य बनाइये- **(3)**

क) निर्मल **ख)** अंधकार **ग)** उत्साह

प्र.8 सही जोड़े बनाकर लिखो **(2)**

क) खुली वर्ष

ख) भयानक पानी

ग) सैकड़ो नालियाँ

घ) गन्दा बीमारी

प्र.9 कविता की पंक्तियाँ पूरी कीजिए **(2)**

दूर देश रहती हैं परियां

____

____

छू मंतर हो जाए हम ।

खण्ड-घ (35 अंक)

प्र.1 निम्न प्रश्नों के उत्तर लिखिए|

क) विशेषण की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए । **(1.5)**

ख) सर्वनाम की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए । **(1.5)**

ग) भाषा के कितने प्रकार हैं, नाम लिखिए। **(2)**

घ) संज्ञा किसे कहते हैं? इसके कितने भेद हैं? **(2)**

प्र.2 रेखांकित शब्द का वचन बदल कर शुद्ध करो | **(2)**

क) **बिल्लियाँ** चूहे के पीछे दौड़ रही है |

ख) ये **किताब** सस्ती है |

ग) इन **घड़ी** को मत छूना |

घ) पेड़ से **पत्ता** गिर गए |

प्र.3 नीचे लिखे वाक्यों में रेखांकित शब्दों के लिंग बदलकर लिखिए। **(3)**

क) गधा घास चार रहा है।

ख) मेरे पिताजी मिठाई लाये।

ग) हमने बकरे को घास दी।

घ) इन पौधों को रोज़ माली सींचता है।

ङ) अध्यापक पढ़ा रहे हैं।

च) एक <u>बंदर</u> कूद रहा है।

<u>प्र.4 संज्ञा शब्दों के स्थान पर सर्वनाम शब्दों का प्रयोग करो|</u> **(2)**

क) अमर रोज पार्क जाता है ।

ख) मोहन की दादी जी बीमार है ।

ग) किसान के चार बेटे हैं ।

घ) घोड़े दौड़ रहे हैं ।

<u>प्र.5 खाली स्थान भरिए।</u> **(4)**

क) हिन्दी भाषा की लिपि ______ है।

ख) वर्णों के समूह को ______ कहते हैं।

ग) व्यक्ति, वस्तु, स्थान या भाव के नाम को______ कहते हैं।

घ) लिंग के ______ भेद हैं।

<u>प्र.6 नीचे लिखे वाक्यों को उचित चिन्हों से पूरा कीजिये।</u> **(4)**

क) राम ____ रोटी खाई।

ख) लड़का छत______ गिर गया।

ग) पेड़ ____ पक्षियों के घोंसले हैं।

घ) नदी ______ बहुत पानी है।

<u>प्र.7 उचित सर्वनाम शब्दों से वाक्य पूरे कीजिये।</u> **(4)**

क) ___________ गुडिया ___________ है ।

ख) __________ क्या नाम है ।

ग) __________ नाम रीता है ।

घ) __________ राम को एक किताब दी ।

<u>प्र8. इन अक्षरों से दो दो शब्द बनाइये।</u> **(5)**

क) र स छ प म

<u>प्र.९ सही जोड़े बनाइये।</u> **(2)**

पंजाब मराठी

महाराष्ट्र हिन्दी

गुजरात पंजाबी

उत्तर प्रदेश गुजराती

<u>प्र. 10.सही विकल्प चुन कर वाक्य पूरे कीजिये।</u> **(2)**

क) पत्र लिखना भाषा का______ (मौखिक/ लिखित) रूप है।

ख) बच्चा सबसे पहले ______ (मातृभाषा/ हिन्दी) बोलता है।

ग) भाषा के लिखने का ढंग______ (बोली/ लिपि) कहलाता है।

घ) मुख से निकालने वाली आवाज़ को ______ (बोली/ ध्वनि) कहते हैं।